सं.ए-20011/26/2018-हिंदी

भारत सरकार, गृह मंत्रालय
समन्वय निदेशालय (पुलिस बेतार)

खण्ड-9 के.स.का.परिसर
लोधी रोड़, नई दिल्ली-3

दिनांक-09/05/2019

विषय : सरकारी कामकाज में टिप्पण/आलेखन आदि हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन योजना में भाग लेने हेतु कार्मिकों का ब्यौरा भेजने हेतु अग्रिम अनुस्मारक ।

उपर्युक्त विषय पर मुख्यालय के सभी अनुभाग अधिकारी (केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान एवं पोलनेट हब सहित) और सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/केन्द्र अधीक्षक कृपया इस निदेशालय के परिपत्र संख्या 20011/26/2018-हिंदी, दिनांक 26/02/2019 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके तहत इस निदेशालय में हिंदी में कार्य करने हेतु वार्षिक प्रोत्साहन योजना लागू करने की सूचना दी गयी थी और आग्रह किया गया था कि वे अपने अनुभागों से इस योजना में भाग लेने वाले कार्मिकों का ब्यौरा निर्धारित प्रपत्र में भरकर इस निदेशालय में दिनांक 31 मई 2019 तक अग्रेषित कर दें ***(संबंधित परिपत्र एवं निर्धारित प्रपत्र निदेशालय के बेबसाइट में अपलोड है)***। इस विषय पर भारत सरकार, गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11027/01/2016-हिंदी, दिनांक 01 मई 2019 के द्वारा इसे मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालयों में लागू करने हेतु कार्यालय ज्ञापन भी प्राप्त हुआ है।

2. उक्त के अनुसरण में सभी अनुभाग अधिकारियों (के.पु.रे.प्र.संस्थान एवं पोलनेट हब सहित) एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के केन्द्र अधीक्षक/संयुक्त सहायक निदेशक से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों को जो अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करते हैं इस योजना में भाग लेने हेतु नामित करें और उनके द्वारा हिंदी में किए गए सरकारी कामकाज टिप्पण/आलेखन आदि का ब्यौरा निर्धारित प्रपत्र में (प्रमाणपत्र सहित) भरकर नियंत्रणाधीन अधिकारी से अग्रेषित कराकर अधोहस्ताक्षरी को यथाशीर्घ भिजवाने का कष्ट करें। पुरस्कारों का निर्णय का चयन नियंत्रणाधीन अधिकारी द्वारा अग्रेषित दस्तावेजों और संदर्भित परिपत्र में दिए गए मापदंडों के आधार पर किया जाएगा।

3. कार्मिकों का हिंदी कामकाज का ब्यौरा दिनांक 31 मई 2019 तक या इससे पहले अधोहस्ताक्षरी के पास अग्रेषित करने का अनुरोध किया जाता है।

09/5/19

(विद्याधर)
उप निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि :-

1. निदेशक के प्रधान निजी सचिव/अपर निदेशक (मुख्या.) के निजी सचिव : सादर सूचनार्थ ।
2. मुख्यालय के सभी अनुभाग अधिकारी।
3. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशन के केन्द्र अधीक्षक/सं.स.नि.।
4. सहायक निदेशक पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सीरीफोर्ट रोड, नई दिल्ली।
5. सहायक निदेशक (आईटी) : निदेशालय के बेबसाइट में अपलोड करने के आशय से।
6. सहायक निदेशक के.पु.रे.प्र.संस्थान/के.पु.रे.प्र. संस्थान (बीजलेख स्कंध),वन्दे मातरम मार्ग, नई दिल्ली।
7. फाइल ।